[श्री त्रिपाठी]

बहुत से लोगों को भर्ती होने का मौका मिला है, उस सब से ऐसा लगता है कि जो उनका कोटा है शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्स का वह अगर भर नहीं गया है तो एक आध महीने में वह कोटा पूरा भर जाएगा और उसमें कमी नहीं रह जाएगी ।

अध्यक्ष जी, मैं आपका कृतज्ञ हूं कि आपने मुझे यह अवसर दिया और मैं माननीय सदस्यों का कृतज्ञ हूं कि उन्होंने बहुत शान्ति से मेरी बातें सुनीं ।

अब मैं यह चाहता हूं कि आपका आशीर्वाद मिले, आपकी शुभकामनायें मिलें । जो सुधार रेलों में इस वक्त रहा वह बढ़ता चले और फिर इसमें ढिलाई न आने पावे और अधिक से अधिक रेलों के माध्यम से देश की जनता की सेवा और देश की सेवा हम कर सकें । हमारा यह विचार है कि रेलों के लिए, जैसा मैं पहले कह चुका हूं, हमारे तीन लक्ष्य हैं, एक तो यह है कि देश की सेवा होती चले । दूसरा यह है कि जो पिछड़े हुये इलाके हैं, बैकवर्ड एरियाज़ हैं उनका डेवलपमेंट हो और तीसरा यह है कि रेलों को आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ और प्रौढ़ बनाया जाये जिससे कि अधिक से अधिक देश की सेवा हम कर सकें । इन तीनों लक्ष्यों और तीनों कामों को पूरा करने की चेष्टा हमारी ओर से हो रही है । हमारे सब भाई उसमें लगे हैं । आपका आशीर्वाद, आपकी शुभ कामनायें, आपकी सद्भावना प्राप्त हो ताकि हम इसमें सफल हों, यही आपसे प्रार्थना है ।

## SUPPLEMENTARY DEMANDS FOR GRANTS FOR EXPENDITURE OF THE GOVERNMENT OF TAMIL NADU FOR THE YEAR 1975-76

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI-MATI SUSHILA ROHATGI): Madam, I beg to lay on the Table **a** statement (in English and Hindi) showing the Supplementary Demands (March 1976) for Grants of Expenditure of the Government of Tamil Nadu for th$_e$ year 1975-76.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI-MATI PURABl MUKHOPADHYAY): The House stands adjouned till 2 P.M.

The House then adjourned for lunch at six minutes past one of the clock.

2 P.M.

The House reassembled after lunch at three minutes past two of the clock,

Mr**.** Deputy Chairman in the Chair.

## STATUTORY RESOLUTIONS APPROVING THE PROCLAMATION . . ISSUED BY THE PRESIDENT ON THE 12TH MARCH, 1976, UNDER ARTICLE 356 OF THE CONSTITUTION, IN RELATION TO THE STATE OF GUJARAT

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI K. BRAHMAN AND A REDDI): Sir, I beg to move the following Resolution:

> "That this House approves the Proclamation issued by the President on the 12th March, 1976, under article 356 of the Constitution, in relation to the State of Gujarat."

Sir, copies of the Report of the Governor of Gujarat were laid on the Table of the House on the 15th March 1976. As the House would recall, following the mid-term elections to the State Legislative Assembly in June 1975, although no party emerged with a clear majority, a Janata Front Ministry, headed by Shri Babubhai Patel, was formed with the support of the Kisan Mazdoor Lok Paksha since dissolved and some Independents. The Governor has, in his Report, described the political events in the State which led to the resignation of the Chief Minister -on the 12th March

1976 and which ultimately necessitated the issue of the Proclamation under article 356 of the Constitution. The situation that confronted the Governor has been set out in the Report. The Janata Front Ministry having resigned, following their defeat on the floor of the Assembly, the Congress Party was the single largest party with 84 Members in a House of 182 with three vacancies. Some Members of the dissolved KMLP and Independents had reportedly decided to extent support to the Congress. But, according to the Governor, a clear position had not crystallized. In the subsisting fluid situation, he felt that there was no prospect of a stable Government being formed early. Moreover, as a result of the developments in the States, the Budget for the year 1976-77 had not been passed and the immediate problem was one of having authorisation of expenditure from the beginning of the next financial year.

A situation had clearly arisen when the Government of the State could not be carried on in accordance with the provisions of the Constitution. The Governor, therefore, recommended action under article 356 of the Constitution. While doing so, he also recommended that the Legislative Assembly be kept in suspended animation, in the hope that after the situation stabilized, popular rule may be restored.

The report of the Governor was carefully considered and a Proclamation under Article 356 was issued by the President.

Sir, I have nothing more to add at this stage. I have no doubt that the hon. Members will fully appreciate that in the circumstances obtaining in Gujarat there was no alternative to a spell of President's rule.

With these words, Sir, I commend the Proclamation issued by the President on the 12th March, 1976, under article 356 of the Constitution, for approval of this august House.

*The question was proposed.*

**श्री योगेन्द्र शर्मा** (बिहार) : मान्यवर, गुजरात में जनता मोर्चे की सरकार का पतन कोई अप्रत्याशित घटना नहीं थी । जिस परिस्थिति में इस सरकार का निर्माण हुआ था और निर्माण के बाद इस सरकार ने जो रीति-नीति अख्तियार की थीं उसका लाजिमी नतीजा उसका पतन था । यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि पार साल हमारे देश की स्वतन्त्रता, एकता और शक्ति को छिन्न-भिन्न करने के लिये उन विदेशी शक्तियों की ओर से कुछ लोगों को सह मिल रही थी जिनकी आंखों में हमारी स्वतन्त्रता, एकता और शक्ति कांटों की तरह चुभती थी, खटकती थी । हमारे देश में प्रतिक्रियावादी फासिस्ट मुहिम शुरू की गई थी । सौभाग्य से हमारी प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी जी के कुशल नेतृत्व से वह प्रतिक्रियावादी फासिस्ट मुहिम फिलहाल परास्त कर दी गई । जब पूरे देश में राष्ट्र विरोधी फासिस्ट मुहिम परास्त हो जाती है तो गुजरात में उसी मुहिम की पैदावार जनता मोर्चा की सरकार बहुत दिनों तक चल नहीं सकती थी । कुछ दिन पहले गुजरात की जनता मोर्च का प्रतिक्रियावादी मुहिम की लफ्फाजी का शिकार होकर यह समझता था कि जनता मोर्चे की सरकार वहां पर कायम रहेगी । लेकिन गुजरात की जनता को यह समझने में देर नहीं लगी कि यह शासन ज्यादा देर तक नहीं चल सकता है ।

सरकार यहां पर कायम हुई है वह न केवल गुजरात की जनता बल्कि पूरे देश के हित के विपरीत है । यह चीज स्पष्ट हो रही थी कि एक के बाद एक जो गुजरात में घटनायें हुई, उनसे गुजरात में पंचायत चुनाव हुये । गुजरात के पंचायती चुनाव किस बात के संकेत देने लगे ? जनता, गुजरात की जनता प्रतिक्रियावादी फासिस्ट मुहिम की लफ्फाजी से निकल रही है । फिर उसके बाद अहमदाबाद कारपोरेशन के चुनाव हुये और 12 तारीख को जब वहां पर मंत्रियों ने इस्तीफा

[श्री योगेन्द्र शर्मा]

दिया और 13 तारीख को गुजरात बन्द का जनता फ्रन्ट की ओर से आवाहन किया गया तो गुजरात की सारी जनता ने उसकी अवहेलना करके अपना मत, अपनी प्रतिक्रिया प्रकट की । गुजरात को इस जनता फ्रन्ट की सरकार से निजात मिल गयी, एक राहत मिल गयी ।

मान्यवर, प्रश्न गुजरात असेम्बली में टेक्नीकल बहुमत या अल्पमत का सिर्फ नहीं है । उस कारण से भी जनता फ्रन्ट सरकार का पतन हो चुका है । प्रश्न है पूरे देश के भाग्य और भविष्य का । इस प्रसंग में मैं देखता हूं कि जब तक यह सरकार वहां पर कायम रही तब तक वहां क्या हो रहा था ? उन्हीं दिनों जिन दिनों इस सरकार का पतन हुआ बड़ौदा में डाइनेमाइट काण्ड का जो पता लगा वह इस बात का इजहार था कि वहां पर कितनी बड़ी तोड़फोड़ की साजिश, कितने बड़े पैमाने पर कितने संगीन ढंग से हो रही थी । उसकी छान-बीन हो रही है और जब तमाम तथ्य सामने आ जायेंगे तो उसका स्वरूप पूरे देश के सामने प्रकट होगा । लेकिन जितनी भी चीजें हमारे सामने आ चुकी हैं उसके बाद यह कहने में संकोच नहीं है कि गुजरात देश की आजादी, देश की एकता और देश की शान्ति के लिये बहुत बड़ा खतरा, एक बहुत बड़ा षड्यंत्र का अड्डा बन गया था और यदि वह कायम रहती तो हमारे देश में कभी भी कुछ हो जा सकता था ।

मान्यवर, केन्द्रीय सरकार ने और पार्लियामेंट ने भी इस बात को मंजूर किया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ देश के लिये खतरा है, तब जब कि उस पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया । पूरे देश की एकता, स्वतन्त्रता और शक्ति के लिये राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ खतरा था इसलिये वह प्रतिबन्धित हो गया ।

गुजरात में क्या हो रहा था । गुजरात में जनता फ्रन्ट सरकार की छत्र छाया में सिविल डिफेंस आर्गेनाइजेशन के नाम पर, नागरिक सुरक्षा संगठनों के नाम पर पूरे गुजरात में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का जाल बिछाया जा रहा था और इस सिविल डिफेंस आर्गेनाइजेशन के नाम पर पूरे गुजरात में जाल बिछा दिया गया । यदि वह चीज कायम रही, यदि वह चीज कायम रहेगी तो इस पूरे देश का क्या होगा । गुजरात को एक फासिस्टी साम्प्रदायिक शक्ति के हाथ सौंप कर के क्या हम अपने देश की रक्षा कर सकते हैं, देश की एकता और आजादी की रक्षा कर सकते हैं । गुजरात में जनता फ्रन्ट सरकार की छत्रछाया में सिविल डिफेंस आर्गेनाइजेशन के नाम पर इतना बड़ा षड्यंत्र, इतना बड़ा जाल बिछा दिया गया था । ऐसी हालत में देश के भाग्य और भविष्य का तकाजा था कि इस सरकार से गुजरात और पूरे देश को मुक्ति मिल जाय और मुक्ति मिलने के लिये यह पूरे देश के लिये यह खुशी और तसल्ली की बात है ।

श्रीमान पूरे देश में सबसे शोषित, पीड़ित, दुर्बल वर्गों को राष्ट्रीय स्वतंत्रता की किरण पहुंचाने के लिए 20 सूत्री कार्यक्रम आरम्भ किया गया ताकि हमारे देश के जो सबसे शोषित, पीड़ित तबके हैं उनको कुछ राहत मिले । लेकिन वहां क्या हो रहा था ? वहां एक दूसरा ही कार्यक्रम चलाया जा रहा था । यह कैसे संभव है यदि पूरे देश में एक कार्यक्रम चले तो देश का जो एक बहुत ही गौरवशाली अभिन्न भाग गुजरात है जिसको महात्मा गांधी को जन्म देने का श्रेय प्राप्त है वह उससे अलग थलग हो । पूरे देश में आज भूमिसुधार की लहर दौड़ रही है कि इस देश से सामंतवादी अवशेषों को समाप्त किया जाए,

वे सामंती अवशेष जो हमारे देश के पिछड़ेपन का एक प्रधान कारण है। लेकिन वहां पर इन्हीं सामंती अवशेषों को न केवल बरकरार रखा बल्कि उन सामंती अवशेषों को मजबूत करने का प्रोग्राम चल रहा था। ऐसी हालत में राष्ट्रीय धारा से गुजरात को अलग रख कर कोई सरकार चल नहीं सकती थी। उसका पतन होना अवश्यभावी था और उसका पतन हुआ। मान्यवर, हमको खबर है कि गुजरात पूरे देश के उन लोगों का, उन तत्वों का जबर्दस्त अड्डा बन गया जिन्होंने पार साल की फासिस्टी मोहिम शुरू की थी और जब वह अड्डा बन गया तो उस का संबंध हमारे राष्ट्र के उन विदेशी शत्रुओं के साथ हो गया था जिनको हमारी आजादी हमारी एकता, हमारी शक्ति गवारा नहीं थी। उन की भी गतिविधियां गुजरात में तेज हो गई थी। हमको खबर है, गुजरात के कांडला पोर्ट में पश्चिमी जर्मनी से हथियार जहाजों के द्वारा उतारे जा रहे थे और उन हथियार का क्या उपयोग होता, यह अनुमान किया जा सकता है। न केवल बड़ोदा में डाइनामाइट को इकटठा करके पूरे देश में तोड़-फोड़ की एक विराट साजिश थी बल्कि विदेशों से भी हथियार मंगा कर उस तोड़ फोड़ की कार्यवाही को और भी उग्र और भी सांघातिक बनाने की साजिश चल रही थी। तो ऐसी हालत में गुजरात की जनता, जिसकी देशभक्ति की लम्बी परम्परा है, शानदार परम्परा है, उसने शनैः शनैः इस जनता फ्रण्ट की सरकार से अपना समर्थन वापस करना शुरू किया और इस सरकार का पतन हो गया। अफसोस है कि अभी विधान सभा में ऐसी पोजिशन नहीं है कि तुरन्त एक वैकाल्पिक जनप्रिय सरकार की स्थापना हो। जहां तक हमको मालूम है जोड़-तोड़ चल रहा है। जिस आधार पर विधान सभा का चुनाव हुआ था और विधान सभा में अधिकतर सदस्य पहुंच गए थे उससे वहां के मेम्बरों के बारे में बहुत ही निश्चय के साथ कुछ भी कहना संभव नहीं है।

वहां पर बहुमत या अल्पमत की गिनती यदि हो या इस बात की कोशिश की जाय तो हमारा विचार है कि वह कोशिश इस तरह की होगी जिस तरह बैगों को तराजू पर तोलने की कोशिश की जाती है। आप सब को मालूम ही है कि जनता फ्रण्ट का निर्माण किस आधार पर हुआ था? इसके लिए कोई सुसंगत सिद्धान्त नहीं था, कोई नीति नहीं थी और न ही कोई कार्यक्रम ही था। जिस मुहिम की पैदावार यह सरकार थी यह मोर्चा था उस मुहिम को हमने बिहार में देखा। जब इस मुहिम की सभा होती थी तो उसमें एक कविता पढ़ी जाती थी। जो कविता पढ़ने वाले थे वे इस समय जेलों में आराम कर रहे हैं। उसमें इस तरह की कविता पढ़ी जाती थी।

"हम नहीं दक्षिण, हम नहीं वाम
हम को है रोटी से काम।"

यानी उन लोगों का कोई सिद्धान्त नहीं था कोई नीति नहीं थी और उनका ध्येय केवल यह था कि किसी न किसी तरह सत्ता पर अधिकार करना चाहिये। तो इस तरह के लोग वहां पर पहुंचे हैं। अब वे लोग देख रहे हैं कि हवा बदल गई है, मुहिम फेल हो गया है, तो उसमें से बहुत से लोग उछल उछल कर आपकी पार्टी में शामिल होने की कोशिश कर रहे हैं और करेंगे। यह उनकी पार्टी का धरम-करम है और यही कारण है कि वह आपकी पार्टी में शामिल होना चाहते हैं। लेकिन हम यह निवेदन करना चाहते हैं कि यदि गुजरात में राजनीति स्वच्छता तथा स्थिरता कायम करना चाहते हो, तो

[श्री योगेन्द्र शर्मा]

फिर आया राम और गया राम की बात नहीं करनी चाहिये और इस तरह से बहुमत या अल्पमत बनाने की कोशिश नहीं की जानी चाहिये। अगर इस तरह की कार्यवाही की गई तो फिर गुजरात में अस्थिरता पैदा हो जायेगी।

गुजरात में दो तरह के उदाहरण देखने में आये हैं। एक तो यह कि वहां पर किस प्रकार से कांग्रेस की सरकार को तोड़ा गया और फिर से चुनाव कराये गये और फिर किस तरह से अपवित्र गठबन्धन किया गया। जिस तरह से 1971 में ग्राण्ड एलाइन्स किया गया, उसी तरह का एलाइन्स किया गया, मगर इस समय नाम दूसरा रखा गया था। यह एलाइन्स भी अब टूट गया है। अब वहां पर फिर से वैकल्पिक सरकार बनाने की कोशिश की जा रही है, तो मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि एक सिद्धान्त, एक नीति पर वहां पर सरकार बनाने की बात सोची जानी चाहिये। प्रधान मन्त्री जी की जो नीति है उनका जो कार्यक्रम है उसमें ईमानदारी के साथ निष्ठा रखते हुये सब राष्ट्रीय जनतांत्रिक शक्तियों को मिलाकर, वहां पर सरकार बनाने की कोशिश की जानी चाहिये। यदि इस कार्य में देर भी लग जाय तो कोई बात नहीं। लेकिन जल्दबाजी में और तात्कालिक लाभ के लिए अपने सिद्धान्तों को और अपनी नीतियों को छोड़ा जाना नहीं चाहिये। हम नहीं दक्षिण, हम नहीं वाम, हम को हैं रोटी से काम, इस तरह के सिद्धान्त को लेकर कोई भी सरकार चल नहीं सकती है। प्रधान मन्त्री जी ने जो देश के सामने कार्यक्रम रखा है आप उन सिद्धान्तों को सामने रखकर वहां पर सरकार का गठन करें।

सबसे पहला कार्य वहां पर जो करना है वह यह है कि जो राष्ट्र विरोधी शक्तियां वहां पर पैदा हो गई थीं उनका सफाया किया जाय। हम आपको बतलाना चाहते हैं कि वहां पर सिविल डिफेंस के नाम पर एक आर्गनाइजेशन कायम किया गया है। यह जो आर्गनाइजेशन बनाया गया था उसको बनाने में आर०एस०एस० की चाल बाजी थी। इस समय वहां देश की सुरक्षा का प्रश्न सब से पहिले है। वहां पर सबसे पहला कार्य जो किया जाना चाहिये वह यह है कि प्रशासन और दूसरे राजनीतिक तथा सामाजिक क्षेत्र में आर०एस०एस० के जो लोग घुस गये हैं उनको उससे मुक्त कराया जाय।

दूसरी बातों को बतलाने की आवश्यकता नहीं है। हम आशा करते हैं कि वहां पर जो राष्ट्रपति शासन लागू किया गया है वह बीस सूत्री कार्यक्रम को सफलता पूर्वक लागू करने की कोशिश अवश्य करेगा। बीस सूत्री कार्यक्रम को सफलता पूर्वक लागू करने के लिए यह आवश्यक है कि वहां पर राष्ट्रीय जनतान्त्रिक शक्तियों की कमेटी बनाई जानी चाहिये जो इस कार्यक्रम के कार्य को पूरा करने में अपना योगदान दे। तो फिर जनता को नौकरशाही से जो कठिनाई होती है उस का भी तात्कालिक तौर पर हल हो जायेगा और इस संबंध में मैं यह भी निवेदन करना चाहूंगा कि बीस सूत्री कार्यक्रम का सिर्फ प्रचार न हो। हम को एतराज नहीं है कि इस बीस सूत्री प्रोग्राम में अगर चार सूत्री प्रोग्राम और जोड़ दिया जाय और ऐसा कर के उसे चौबीस सूत्री प्रोग्राम बना दिया जाय, लेकिन कहने के लिये बीस सूत्री प्रोग्राम और करने के लिये चार सूत्री प्रोग्राम यह नहीं होना चाहिए। इसीलिये मैंने कहा है कि निष्ठापूर्वक इस बीस सूत्री प्रोग्राम का पालन होना चाहिए और अंत में गृह मंत्री जी से यह कह कर अपनी बात समाप्त करना चाहता हूं कि त्यागी जी और उन की तरह के लोगों को यदि आप अवसर देंगे (*Interruptions*) यदि उन का कायाकल्प हो चुका है और ईमानदारी के साथ कायाकल्प हो चुका है ...

**श्री एन० जी० गौरे** : अगर आप का हो सकता है तो उन का भी हो सकता है ।

**श्री योगेन्द्र शर्मा** : हमारी और आप की बात तो जगजाहिर है, लेकिन उन का पता नहीं क्या होगा । लेकिन आज जो कुछ गुजरात में हो रहा है, वहां उन के बहुत से बन्धु आप के साथ आने के लिये तैयार है । आप शायद उन से अभी बात नहीं कर रहे हैं । वह कह रहे हैं कि वह आप के इस बीस सूत्री प्रोग्राम को मानते हैं । तो मैं सिर्फ यही कहूंगा कि आप अवसरवादिता का सहारा मत लीजिए । अगर अवसरवादिता का सहारा लिया जायेगा तो गुजरात में कभी भी राजनीतिक और प्रशासनिक स्थायित्व नहीं होगा और वहां की जनता के जीवन में सुधार और प्रगति लाने का प्रश्न तो बहुत दूर हो जायगा ।

SHRI MANUBHAI SHAH (Gujarat): Mr. Deputy Chairman, Sir, I welcome the Resolution of the Home Minister to confirm the Proclamation issued by the President under article 356 of the Indian Constitution. Sir, it is a happy day that for the first time, perhaps, in the history of independent India, a Government was defeated on the floor of the House leading to the imposition of the President's Rule. In the past, we had occasions when due to misdemeanur, mal-administration or crossing of the floor when the Assembly was not in session, several times in this country, President's Rule has been imposed. If there is any need for a democratic process to be improved as operating in this country even after emergency, the downfall of the Janata Morcha Government—I am rather disinclined to call it Janata Morcha; it was more a morcha than Janata inside; but does not matter; that was the nomenclature by which they were known—when they were defeated on a cut motion on Demands of Civil Supplies in the State and then bringing about the President's Rule were a very happy s ?^gury. I would not exaggerate my emphasis here that it was a day of deliverance, but, certainly, a very very large section of the Gujarat population heaved a sigh of relief at the end of the marriage born out of such incongruous circumstances as the formation of Janata Morcha depicted. But, as you know, Sir, the largest single party after the Assembly's elections in June 1975 was the Congress. My party had 75 seats. The Congress (O) had 56; about 18 for the Jana Sangh and the rest were the various conglomerate constituents of the Janata Morcha, leading to 86. Even at that time, they really did not command an absolute majority in the House and the regional party born out of very peculiar circumstances in Gujarat had lent support to them and after two months of the election of the Assembly, that party was denounced most vehemently by the Janata Front. They said that they would not even think of associating themselves with such a party or even talk to their leaders. It is very strange that they gave up all principles of decent democratic behaviour, as has been pointed out by Shri Yogendra Sharma, and went against what they had propagated throughout that under no circumstances they would join hands with the KMLP. But it was the KMLP which came to their aid in forming the Government. At that time, we had pointed out to the hon. Governor that in our view, as no single party was able to form the Government on its own, having not been able to secure a clear majority, it was not the time to allow such SVD experiments, which had failed miserably in the last few years throughout the length and breadth of the country. But we bowed to the democratic verdict. It was then that this ignoble and hotch-potch mixture of the Janata Front Government came into existence. I would like to remind the House here that the Gujarat elections took place before the Emergency. What was happening during the election campaign? I had said this on many occasions in this House I had not seen such a thing in my long experience. I have been in elec-

[Shri Manubhai Shah] tions since the Montagu Reforms, when Mr. Nariman stood from Bombay. During the election campaign, all the meetings of the Congress Party addressed by various leaders of the party, including the Prime Minister, were seriously disturbed. I am a personal witness to this. I need not give any evidence to show how these meetings were disturb and by whom. Many hon. Members who were with us as AICC observers in Gujarat, were clear witnesses to this. When Shri Jagjivan Ram was addressing a meeting, a big stone was hurled at him. Let them give a single example where we have disturbed their meetings. One's heart is pained to think about such things that those persons who called themselves upholders of democracy were doing such things. But not a single meeting of theirs was disturbed by our people. We are not cowards; we could have done that. As a matter of fact, my own volunteers came to me many times and said that the leaders of the Janata Front were behaving like this and that we should also dot it for that. We have not done that. Therefore, I would like to assure Shri Yogendra Sharma that my party would never resort to such things, either in forming the Government or in fighting the elections or topple such democratically-elected Governments. The proof of this could be seen in the fact that not a single meeting of the Opposition groups, marked by violent turbulence and talks of every type, was disturbed by candidates belonging to the Indian National Congress. Even under such difficult circumstances, we performed well.

Now, the important lesson of this Gujarat experiment is that the regional parties have no future in the federal set-up of this country. This is borne out by this ignoble and conglomerate mixture which was totally anti-democratic, which had no clear-cut programmes and which had come into being purely on the support of some rich zamindars who were motivated by caste considerations. It is good that this 'Aya Ram Gaya Rafu experiment' had failed and the concept of regional parties is dead. Within nine months, it came to an end. 1 hope the Opposition leaders would think-more and more intensively whether such types of regional parties should be encouraged to form Governments or to capture power. If our party had wanted, we could have done that. We could have also negotiated with the KMLP and others. We have not done that because we do not believe in such things.

The second point is this. After the Government was formed, what did they do? The whole development work was at a standstill When we approached them for anything, they said 'What about the Central assistance?' It is very strange that they should say like this. In a federal system, even though there may be different Governments in different States, a harmonious relationship between the Centre and the States is a *sina qu$_a$ non* for the effective functioning of the system. Every responsible member of the Government, including the Chief Minister, Shn Babubhai Patel, Shri Keshavbhai Patel of my constituency, Rajkot and others, flouted openly the Emergency regulations. This has been welcomed by the whole country. But in Gujarat, all the time they were attacking the Emergency. They were all the time attacking the political personalities, including the Prime Minister. Of course, she could bear it and she could reply to it. But the point is, normal rules of decency were given up and they were openly flouting the Emergency Regulations. Many times they say that the Congress Party is accumstomed to raising accusations and allegations of character assassination. I want to ask: Why was it that the origin of this type of subversive pamphlets was there in States where this type of Government was functioning, either in Tamil Nadu or in Gujarat? The very fact is that it was a conspiracy of a sinister nature and we take that even if they were not directly involved as a Government, the atmosphere was created for thest

things. The very reasons against which the emergency was declared were being promoted there positively by the utterances and actions of responsible Ministers and leaders of those parties.

The third lesson which I think has to be learned is, perhaps, what has happened during the Corporation elections. There were certain areas in which the Jana Sangh and some of the conservative elements did not like the socialist and progressive policies of the Congress Party, my party, where they were fomenting anti-socialist views. There they captured a few corporations and they went high and mighty, saying "Well, the Corporation elections have proved that we command the majority confidence of the people of Gujarat, and the Congress leadership does not command". We are humble people; we accept defeat when it comes. After all, in politics victory is not the only gain. You have got to keep to your goals, your directions, your programmes and win the support of the people. They have been too much proud just at the victory in a few Corporation elections, even though there—I am not going to take much time of the House—we can conclusively prove that in most of the other corporations or municipalities which are urban-oriented, we had a clear majority except in the three cities. And the last one is Ahmedabad. In between came the panchayat elections.

SHRI OM MEHTA: In Ahmedabad we are in majority.

SHRI MANUBHAI SHAH; 1 will come to that later on. Firstly, Rajkol; Baroda and Surat Corporations, then panchayats and then the Ahmedabad Corporation. So, I was trying to say that in the panchayat elections, they said "Eighteen out of 19 are ours because the entire public opinion has expressed itself and in the municipal corporation elections it has demonstrated that they have confidence in us." We said, why do you leave even the one panchayat to us? They said "We can't but; that panchayat is difficult". This is the official statement of the Chief Minister and the Secretary of the Janata Morcha Party. We said "We shall get". Babubhai Patel, in a meeting in Surat which I myself attended had heen saying, "We are likely to get 18 seats". But Indubha] Patel officially announced that we would get 13. They were laughing. And what was the result? When we got a clear majority in taluka pancha-yats, in the indirect elections of sar-panchs and in the final elections of the District Panchayat Committee, they tried to produce some statistics, and one of the leader writers in Indian Express and other leading newspapers were saying, "No, no, the vote is this and the vote is that". When you get defeated also you want to plead and hoodwink public opinion. When we were victorious also they were trying to say that the other party was losing. Therefore, the norms of democratic behaviour also proved that while you were not safeguarding democracy, all that can be done to destroy the democratic faith of the people of this great country has been resorted to in the Corporation elections, in the panchayat elections and, last but not the least, in the Ahmedabad Corporation. In Ahmedabad, out of 105 seats, 85 are ours. They were saying that 20 at the most would go to the Congress because they forgot that during the elections to the Assembly, in the labour area, we had captured 80 per cent of the votes. Out of this 20 per cent or eight seats, we had already captured six seats. That will demonstrate how it was in the Ahmedabad Corporation. When the Chandigarh session was going on, every minute the news was coming and we were wondering what would happen. We were all thinking that we might even get a majority. Ahmedabad is the focal point of all the political and economic forces of Gujarat and therefore we had given great attention and im-portance to that. There the verdict was a bare majority of three. They roero no'tie to eive *us* 20. We got 51. Now the Corporation is going out of their hands. Today, Krishnavadan

[Shri Manubhai Shah] Joshi, the Mayor and the other two people might have resigned because, as far as I know, they have lost the majority. Therefore, what I would say is that the entire hotch potch of a very anti-democratic character— what you can call, the absence of Government in Gujarat—is over with the proclamation that has been pro-mulgated.

I want to say a few things to emphasize what type of conspiracy was taking place. I narrated the Baroda incident 10 days back. At that time what we had read in the newspapers has come out entirely true, that from that place torch-type detonators, about 700 once and 209 later on, were found in a box. And what was wri-ten on the box? It was: Literature and books. One Dr. Mohan and one Dr. Gautam, I do not want to connect those names because they appeared in papers but the two great stadwarts of the SSP and important supporters of the Janata Morcha, are supposed to be the brain behind this conspiracy and the conspiracies in Banaras and in Bihar. If I may add—of course, J have no substantial proof yet—that foreign hands which are not in favour of seeing the progress of this country and we have supported anti-regimes all over the world, are supposed to be helping the Baroda Corporation elections and these people stood for 15 days.

Therefore, Sir, my submission to the Home Minister is that a few things have to be kept in mind. One is that this enquiry should not be left, even if it is President's Rule, to the local police or administration. 1 would request or rather I must demand on behalf of the people of Gujarat that the CB.I. should have a direct hand so that the entire conspiracy is fully exposed and the facts are known to the people of India and to the rest of the world, why the Western press has been supporting anti-Congress Governments and opposing emergency. They should know that here is a concrete proof of something happening. I do not want to involve directly Prof.'Ramlal Parikh, it is not that, but it is the atmosphere that you create. You oppose the emergency at every step. You do not implement the 20-point programme and try to cover it up by a 62-point programme and these things. After all, there is something like national solidarity. Different parties can rule this place or that place but there is something like a common current. When this country wants to go forward, when the 20-point programme has been accepted by all the elements of political life in this country—I do not see any party which has denounced or opposed this programme—at that time to create an atmosphere and not to implement the programme is not good.

I will not take more than two minutes. My friend, Mr. Yogendra Sharma, said that the Government should not be slack. I can assure you that we have authorised our Pradesh Congress President in Ahmedabad to scrutinise every one. It is natural that under the lure of power, under so many inducements they had conglomerated and supported the Janata Morcha but we are proud to say that we never broke this Government by offering any inducement to anybody. No unfair means have been there excepting that our Party programme was there and that we believed that coordination between the Central Government and the local Government alone can benefit very important issues of development and production of the Gujarat State. We firmly believed that for the under-developed parts of Gujarat—well, it is not that Gujarat is very much developed, it is not so, excepting a few towns—and the largest number of Adivas's, Hari-jans, backward people and minority people, it is necessary to have a new administration in that place. Now, with the new administration that Mr. Brahmananda Reddi under the gui-dance of the Prime Minister is setting up there, it will be seen that all the programmes are activated and the 20-point programme is launched properly.

Lastly, the budget which the Janata Morcha Government gave is a typical example of bourgeoise mind. Well,

they say that it was a budget of Rs. 36 crores but whom did they tax? They taxed gamthas. Earlier the Government in Bombay had to withdraw the tax of this nature. For this tax, they will have to measure the length and breadth of 209 villages of Gujarat and after this the tax has to be collected. It is they who have revolted and cried for removing the anti-democratic Government. The Janata Morcha Government wanted to tax the farmers, the village areas in the name of development. Horse-trading went on. Let Mr. Yogendra Sharma study how the budget really worked in the removal of this democratic Government, The very forces who wanted to get the plums of advantage from thern simply withdrew their support. Now this created an utterly bad image on the day of the Baroda conspiracy and next day the Government went. Therefore, I can assure the hon'ble House that my party is in no hurry to form a Government there. We shall form a Government because after all democratically it is our right, if w° really command the majority, and we shall try to give a Government absolutely clean and progressive, implementing the national programme, supporting the emergency, and seeing to it that the democratic values are upheld. In that direction, Sir, I humb'y request Brahmanandaji to see to it that the present administration becomes popularity-oriented, becomes more responsive because there has been infiltration of RSS and Jana Sangh and Congress (O) elements mto the services of Gujarat. It is very necessary to see that this administration is mode wholesome and popularity-oriented. In the land of Meera, Narsi Mehta, Daya Ram, Swami Shradhanand, and, lastly, Gandhi and Sardar Patel, the communalist virus was unknown to the people. But it is our ill-luck that due to some lapses the Jana Sangh came and dominated the entire scene. It would be the duty of the Central Government to see that this communal virus is once again tackled with a vigorous hand and the administration is properly streamlined so that these types of fissiparous elements which have been brought into the services are checked. One can give very lengthy data and statistics to show how much infiltration has taken place. I hope the vigilant Home Minister under the direction of the Prime Minister will see to it that a good, progressive administration is set up under this proclamation

Thank you.

**श्री ओ३म प्रकाश त्यागी** (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, मुझे इसमें कुछ विशेष नहीं कहना है। मैं एक ही बात की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहूंगा और वह यह कि भारत का संविधान फेडरल है और संविधान के निर्माताओं ने बड़े सोच समझ कर उसको बनाया था। जिस समय यह संविधान बन रहा था उस समय विदेशों में एक ही प्रतिक्रिया हुई थी कि संविधान जो बनाया गया यह अच्छा है या बुरा इसकी परीक्षा उस दिन होगी जब कि केन्द्र और प्रान्तों में विभिन्न पार्टियों की सरकारें होंगी, उस दिन भी यह कामयाबी के साथ चल जाए तो यह संविधान सफल माना जाएगा अन्यथा यह असफल हो जाएगा। मुझे हार्दिक खेद है इस बात का कि आज यह संविधान इस दृष्टि से जो लड़खड़ाए जा रहा है वह इसलिए कि केन्द्र में जिस पार्टी की सरकार है वह किसी भी प्रांत में विरोधी पार्टी को सहन नहीं करती है और मैं समझता हूं यह एक ऐसी स्थिति है जो संविधान की आत्मा को झकझोर रही है। यदि इस देश के फेडरल स्ट्रक्चर को खत्म कर दिया गया तो फिर इस देश में एक अजीब सा संवैधानिक संकट उत्पन्न हो जाएगा और लोगों की संविधान में आस्था नहीं रहेगी। संविधान के प्रति आस्था बनाए रखना सरकार का काम है और अगर सरकार ने ऐसा नहीं किया— अगर बाढ़ ही खेत को खाने लगी तो फिर खेती की कोई आशा नहीं रहती— तो लोगों की आस्था उठ जाएगी। अब कुछ वर्षों से ऐसा सिलसिला चला है कि जब से विरोधी पार्टियों की प्रान्तों में सरकारें बनी हैं तबसे उन

[श्री ओ३म प्रकाश त्यागी]

को गिराने का एक सिलसिला चालू हुआ हैं । और मुझे और भी दुख है कि . . .

**श्री सीताराम सिंह** (बिहार) : केन्द्र के जरिए चालू हुआ है ।

*(Interruption)*

**श्री ओ३म प्रकाश त्यागी** : उपसभापति महोदय, मैं आपनी भावना रख रहा हूं । मैं यहां प्रतिक्रिया स्वरूप ढंग से कुछ नहीं कहना चाहता हूं । मैं समझता हूं केन्द्रीय सरकार का यह कर्त्तव्य है, जिस पार्टी के हाथ में हुकुमत है *(Interruption)* चौधरी साहब, थोड़ी देर के लिए साफा उतार कर नीचे रख दो, थोड़ा ब्रेन को ठंडक आने दीजिए । मैं कहता हूं, केवल एक ही घटना नहीं है । मैं अभी आपके सामने रखना चाहता हुं कि अभी जो नागालैण्ड में गवर्मेन्ट थी क्या वह मैजारिटी गवर्मेन्ट नहीं थी—उसकी वहां मैजारिटी थी, लेकिन फिर भी गिरायी गयी-क्यों, कैसे गिराई गई ? वहां जाकर जांच करें तो पता चलेगा किस तरह से गवर्मेन्ट गिराई गई . . .

**श्री योगेन्द्र शर्मा** (बिहार) क्या आप केन्द्रीय सरकार से आर० एस० एस० के लिए संरक्षण की मांग करते हैं ?

**श्री ओ३म प्रकाश त्यागी** : आपकी बुद्धि की बलिहारी है कि आप क्या बात बोल रहे हैं । आप क्या प्रश्न कर रहे हैं और मैं क्या बोल रहा हूं । जो मैं बात कह रहा हूं, उस पर आप प्रश्न कीजिये और फिर में उसका जवाब दूंगा । अभी तामिलनाडु की सरकार को समाप्त किया गया । मैंने गवर्नर को पत्र को देखा है । जिसमें वहां की सरकार के विरुद्ध चार्ज लगायें गये हैं । गृहमंत्री जी ने बतलाया कि वहां की सरकार भ्रष्टाचारी और बेईमान थी जिसकी वजह से वहां पर शासन का कार्य नहीं चल रहा था और इसी वजह से वहां पर सरकार को समाप्त किया गया । मेरा आप से निवेदन यह है कि जब इस तरह से चार्जेज उस सरकार के विरुद्ध थे तो आपको पहिले जांच करनी चाहिए थी । हमारे देश में जो कानून है, संविधान है उसके आधार पर इसकी जांच होनी चाहिये थी । अगर वहां की सरकार को इस बारे में दोषी पाया जाता तो उसको दण्ड दिया जाता । पहिले तो गोली किसी को मार दी गई और उसके बाद जांच की कार्यवाही हो रही है *(Interruption)* आज आम जनता केन्द्रीय सरकार और शासक दल की मनोवृत्ति पर संदेह करती है । मैं आपको जनता की प्रतिक्रिया बतलाना चाहता हूं कि जनता में इस प्रकार का संदेह है और मेरे दिमाग में भी संदेह है कि पहिले तो आपनें वहां पर इस तरह का कार्य करवाया और बाद में आप वहां की सरकार के ऊपर चार्ज लगाते है । आपने पहिले इस तरह की इंक्वायरी या जांच का कार्य क्यों नहीं किया, क्योंकि केन्द्रीय सरकार यह कार्य पहिले भी कर सकती थी । इसी तरह की बात गुजरात सरकार के लिए भी मैं कहना चाहता हूं । श्री मनुभाई शाह ने भी वहां के सम्बन्ध में कुछ बातें कहीं और शर्मा जी ने भी कुछ बातें कहीं, जिनके सम्बन्ध में मैं अपने विचार प्रकट करना चाहता हूं ।

**श्री योगेन्द्र शर्मा** : आपको कहने की कोई जरूरत नहीं है ।

**श्री ओ३म प्रकाश त्यागी** : मैं तो शर्मा जी से यह कहना चाहता हूं कि आप जो चमचागिरी की बात करते हैं और इसकी भी कोई सीमा होनी चाहिए । चमचागिरी की भी कोई सीमा होती है और मैं श्री योगेन्द्र शर्मा जी से यह कहना चाहता हूं। *(Interruption)* अगर गुजरात में जनता मोर्चा बनी तो कोई बुरी बात नहीं ।

SHRI MANUBHAI SHAH: Without any ideology, they had formed it.

**श्री ओ३म प्रकाश त्यागी** : जनता मोर्चा बनाया बुरी बात है तो क्या कांग्रेस पार्टी ने केरल में मोर्चा नहीं बनाया था, क्या वहां पर कई पार्टियों ने मिलकर सरकार का निर्माण

नहीं किया था ? वहां पर कांग्रेस ने सी० पी० आई० के साथ मिलकर सरकार बनाई थी, मुस्लिम लीग के साथ मिलकर सरकार बनाई थी। जब केरल में कई पार्टियां मिल कर सरकार बना सकती हैं तो क्या दूसरी पार्टियां नहीं बना सकती हैं। अगर दूसरी पार्टियां इस तरह की सरकार किसी प्रान्त में बनाती हैं, तो क्या वे पाप करती हैं? (व्यवधान) असल बात यह है कि आज शक्ति केन्द्र के हाथ में है और किसी भी प्रान्त में ऐसी सरकार नहीं चलने देना चाहती है जहां पर उसकी अपनी सरकार न हो। आखिर जो प्रान्तीय सरकारें होती हैं वे केन्द्र के साथ सहयोग करके ही चल सकती हैं और दोनों को एक दूसरे के साथ सहानुभूति होनी चाहिए तबही वहां पर सरकार चल सकती है जहां प्रान्तीय सरकार का केन्द्रीय सरकार के प्रति कुछ कर्तव्य है, वहां पर केन्द्रीय सरकार के भी प्रान्तीय सरकारों के प्रति कर्तव्य होते हैं लेकिन आपने तो यहां पर अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया था और यही वजह है कि आप वहां की सरकार को सहन नहीं कर सके यही वजह है कि आपने वहां की सरकार को गिराने की हर तरह की कोशिश की और उसको गिराया। मैं मनुभाई शाह को अच्छी तरह से जानता हूं।

SHRI MANUBHAI SHAH: May I make one point on this? There was not a single day when either in the Assembly or in the public speeches of the responsible Ministers or of the Chief Minister.....they were not all the time accusing the Central Government of not giving them assistance. And if you asked about any development programme, they said that there was no Central assistance. This is entirely wrong. The Budget will prove to the contrary. And if you want to run any government of any colour in a State, in my humble view at least there should be co-operation and harmonious relations with the Centre.

**श्री ओ३म् प्रकाश त्यागी** : अभी मनुभाई शाह जी ने कहा कि सेंट्रल गवर्नमेंट को क्रिटिसाइज करते हैं अपनी मांग के लिये तो हर आदमी और हर सरकार लड़ती है। केन्द्रीय सरकार नहीं देती तो लड़ती है। उन्होंने मांग की कि हम को आयल रायल्टी अधिक मिले, उस की मात्रा बढ़ाई जाय, आप ने उस समय मना कर दिया अब जब वहां की सरकार सस्पेंड हो चुकी है तब आप ने कहा कि सेंट्रल गवर्नमेंट इस पर विचार कर रही है, उसे बढ़ाने पर। तो यह क्या बात हुई?

SHRI MANUBHAI SHAH: That assurance was given by the Prime Minister two months ago.

**श्री ओ३म् प्रकाश त्यागी**: अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिये अगर कोई प्रान्तीय सरकार मांग करती है तो उस में आपत्ति की कौन सी बात है। इस में सेंटर का विरोध कहां से होता है। दूसरी बात यह है कि वहां डिफेक्शन को प्रोत्साहन दिया गया मैं समझता हूं कि वहां पर जो कुछ हुआ है किसी से छुपा नहीं है नाना प्रकार के प्रलोभन आदि दे कर इस प्रकार किसी प्रान्तीय सरकार को गिराना, यह भारतवर्ष के भविष्य के लिये हितकर नहीं है। किस प्रकार वहां सरकार में से निकल कर चले गये, कैसे अनुपस्थित रहे, क्यों रहे इन सब की जानकारी अपने को है और इस बात को और कोई जाने या न जाने, लेकिन हमारे मनुभाई शाह जी इसको जानते हैं कि वहां क्या हुआ है। अगर यह खेल हुआ तो मैं समझता हूं कि ठीक नहीं हुआ है। मैं समझता हूं कि डिफेक्शन किसी भी पार्टी की ओर से हो उसे रोकना सेंट्रल गवर्नमेंट की ड्यूटी है और मैं समझता हूं कि यह देश के भविष्य के लिये आवश्यक है। सौभाग्य से इस समय हमारी प्रधान मंत्री जी यहां बैठी हैं, मैं उन से प्रार्थना करूंगा कि आप देश में आर्थिक भ्रष्टाचार दूर करने के लिये हृदय से प्रयत्नशील हैं, परन्तु मैं कहना चाहता हूं कि आर्थिक भ्रष्टाचार उतना ज्यादा खतरनाक नहीं है जितना कि राजनीतिक भ्रष्टाचार खतरनाक है। अगर देश में राजनीतिक भ्रष्टाचार चालू रहा और शासक ही अगर भ्रष्टाचारी बक्तां रहा तो

(श्री ओ३म प्रकाश त्यागी)

फिर साधारण जनता की क्या आस्था होगी । राजनीतिक भ्रष्टाचार का डिफैक्शन ही सब से बड़ा प्रमाण है और संसद् के दोनों सदनों में इस के लिये बराबर मांग आती रही है कि इस तरह के राजनैतिक डिफेक्शन को बंद किया जाय, चाहे किसी भी पार्टी का सदस्य हो, विरोधी दल का हो या शासक पार्टी का, डिफैक्शन बन्द होना चाहिए।

**श्री ओम् मेहता** : डिफेशन का जो बिल है वह आज से दो वर्ष पहले इस सदन में लाया गया था और उस समय उस को एक ज्वांयंट सेलेक्ट कमेटी को सौंप दिया गया । उस में आप की पार्टी के लोग भी हैं। ज्वांयंट सेलेक्ट कमेटी ज्यों ही रिपोर्ट देगी हम उस को मानने के लिये तैयार हैं । लेकिन अगर ज्वांयंट सेलेक्ट कमेटी रिपोर्ट ही नहीं देती है तो हम क्या करें ।

**श्री ओ३म् प्रकाश त्यागी** : जो देश के लिये आवश्यक बातें हैं उन को तो तुरन्त करना ही चाहिए उदाहरणार्थ बहुत सी चीजें जो देश के विकास में बाधक थीं उन को रोकने के लिये आप आर्डिनेंस लाये हैं । तो इसके लिये क्यों नहीं लाये ?

**श्री ओम् मेहता**: जब ज्वायंट सेलेक्ट कमेटी में एक बिल चला गया तो उस के लिये आर्डिनेंस कैसे आ सकता है।

**श्री ओ३म् प्रकाश त्यागी** : इस डिफैक्शन को रोकना बहुत टेढ़ी बात तो नहीं है। इसे ज्वाइंट सेलेक्ट कमेटी में भेजने की जरूरत ही क्या थी ? इसका स्पष्ट अर्थ है कि आपने जानबूझ कर इसे टाला ।

**श्री ओम् मेहता** : जब हाउस में बिल आया था तो यहां से मांग हुई थी कि इस को ज्वाईंट सेलेक्ट कमेटी में भेजा जाये । वहां जब इस पर डिस्कशन हुआ तो कहा जाता है कि कुछ लोग हाजिर नहीं है इसलिये इस को पोस्टपोन कर दिया जाये । हम तो उस की रिपोर्ट को मानने के लिये तैयार हैं । हम तो उस के लिये बिल लाये हैं ।

**श्री योगेन्द्र शर्मा** : उन की पार्टी से जो लोग आप की पार्टी में आ रहे हैं उन को आप मत लीजिये ।

**श्री मती इंदिरा गांधी** : हम ने तो यह कह दिया है ।

**श्री ओ३म मेहता** : हम ने यह कह दिया है ।

**श्री ओम् प्रकाश त्यागी** : शर्मा जी, आप छेड़खानी ज्यादा मत करिये नहीं तो आप ने जितनी चाल चली हैं कांग्रेस रूलिंग पार्टी के साथ, उसे सब लोग जानते हैं । आप उन के मित्र नहीं हैं । आप तो मित्रता प्रकट करते है बराबर, वह आप को खूब जानते हैं । आप आज हमें फासिस्ट कहते हैं और अन्दर बैठ कर इंदिरा गांधी जी की गवर्नमेंट को रिएक्शनरी गवर्नमेंट कहते हैं । यह पालिसी आप की है । यह आप का दृष्टिकोण है और यह ठीक नहीं है ।

**श्री योगेन्द्र शर्मा** : जनसंघ की ओर से यह नयी बात है ।

**श्री ओ३म प्रकाश त्यागी** : आप तो मौके की तलाश में हैं कि किस दिन इस गवर्नमेंट को गिरा कर अपना अधिकार जमायें । इस मार्ग पर आप चल रहे हैं । असली बात यह है । अभी आप ने जनता मोर्चे के बारे में अपनी बात कही और अभी बिहार में आप ने नारा लगाया था कि न हम वाम हैं और न हम दक्षिण में है । न वाम है, न दक्षिण हैं ।

3 P. M. यह नारा हमने लगाया । मैं समझता हूं कि यह नारा इस देश के लिए अच्छा हैं । मैं आपसे कहना चाहूंगा कि प्रधान मंत्री के जितने वक्तव्यों को मैंने पढ़ा है, उन्होंने उन वक्तव्यों में इस प्रकार की बात कही है कि न हम राइट हैं, न लेफ्ट हैं, हम देश के हित में हैं । अभी संजय गांधी का वक्तव्य यह है कि राइट

और लेपट के चक्कर में क्यों पड़ते हो, देश के हित में, गरीबों के हित में जो देश की पालिसी है, वही सही है। इसलिए मैं कहता हूं कि कुछ बातें आपकी कल्पना के बाहर की चीज हैं। नान-वायलेंस, तटस्थता इस देश की शानदार नीति है, रही है और रहेगी। वह नीति आपके दिमाग में कहां है ? आपके दिमाग ब्लाकवादी हैं, रशिया ब्लाक में हैं। जो रशिया ब्लाक में नहीं हैं, वह रिएक्शनरी हैं।

**श्री योगेन्द्र शर्मा** : आइजनहोवर के पास आपके नेता गये थे और कहा था कि आप तो दुनिया के धर्मावलम्बियों के महान नेता हैं, हमारे भी नेता हैं।

**श्री ओउम् प्रकाश त्यागी** : आइजनहोवर के पास कोई गया या नहीं गया, परन्तु तुम्हारे नेता तो हर साल मक्का में जाते हैं, मास्को की मक्का में जाते हैं। आपका क्या हाल है ? ( *Interruption* ) इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जहां तक गुजरात सरकार के बारे में, मनुभाई शाह जी आपको विशेष रूप से कहना चाहता हूं कि अन्दर की बात क्या है क्या नहीं है, लेकिन जहां तक मैं वहां गया, वहां के मिनिस्टरों के साथ में रहा, चीफ मिनिस्टर को भी देखा, और आभास हुआ कि महात्मा गांधी जी ने जो कल्पना की थी मिनिस्टरों के बारे में वह उनमें थी।

**श्री मनुभाई शाह** : हमने तो देखा ही नहीं, हमारी आंखें बिगड़ गईं।

**श्री ओ३म् प्रकाश त्यागी** : मिनिस्टर लोग साधारण ढंग से थर्ड क्लास में चलें, अपनी कार का दुरुपयोग न करें, साइकिल रिक्शा पर बैठे हुए मैंने मिनिस्टरों को बड़ौदा में जाते हुए देखा और जनता में साधारण व्यक्तियों की तरह से मिलते हुए देखा। उन्होंने इस प्रकार का आदर्श वहां पर रखा। यह चीज उन्होंने आदर्श गवर्नमेंट की रखी। मैं धन्यवाद देता हूं कि यह भी साहस और चरित्र की बात है कि जिस दिन मेजारिटी हाउस में नहीं रही, वहां की गवर्नमेंट हारी, उसी समय बाबूभाई पटेल ने त्यागपत्र दे दिया। नहीं तो आज लोग कुर्सी पर मर जाना पसन्द करते हैं, कुर्सी छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं।

**SHRI MANUBHAI SHAH:** I think he knows the Indian Constitution When the budget has been rejected and the demands have been out-voted, how can the Government remain there?

**श्री ओ३म् प्रकाश त्यागी** : वही तो मैं कहता हूं वहां कि आदर्श सरकार ने एक आदर्श जीवन पेश किया और गुजरात की जनता की भावनाओं के अनुकूल आचरण उन्होंने किया। आप यह कहते हैं कि वहां पर इमरजेंसी नहीं थी। मनुभाई शाह जी मैं आपसे सवाल पूछना चाहता हूं कि आपकी गवर्नमेंट के समय चिमनभाई पटेल के समय पर वहां पर आन्दोलन हुए लेकिन इस सरकार के खिलाफ कोई आन्दोलन नहीं हुए। अगर गुजरात की सरकार की पालिसी जनता की भावनाओं और उनकी इच्छाओं के विरुद्ध थी तो वहां पर प्रदर्शन और आन्दोलन और हड़ताल इत्यादि होती लेकिन वहां कोई इस प्रकार की चीज नहीं हुई।

दूसरी बात आपने डाइनेमाइट के बारे में कही। मनुभाई शाह ने डाइनेमाइट की बात को बहुत बड़ा बल दिया है। अभी तो समाचार पत्रों में रिपोर्ट आ रही है, जब तक पूरी रिपोर्ट सामने न आ जाए तब तक कहना ठीक नहीं। वह डाइनेमाइट कोलरी के मालिकों के साथ मिल मिलाकर कहीं स्मगल हो रहे हैं, कहीं इस्तेमाल हो रहे हैं, उनकी चोरबाजार की कीमत बहुत ज्यादा है। इसलिए आज वह पहली बात नहीं थी। वह पहले से धन्धा चला हुआ था और वह आज पकड़ा गया।

हिंसा का सहारा चाहे जनता मोर्चा लेती है या कोई और पार्टी लेती है मैं समझता हूं यह घृणित कार्य है और इसका कोई भी भला आदमी पक्ष नहीं ले सकता। "डायना-

(श्री ओ३म् प्रकाश त्यागी)

माइट" के नाम का प्रयोग हुआ । यह पूछा गया कि वह क्यों आ रहा था, कहां ले जाया जा रहा था और कौन दोषी था ? उसके साथ कोई रियायत का सवाल नहीं होना चाहिए । मैं भी कहता हूं यह ठीक है लेकिन डायनामाइट के प्रश्न को लेकर जनता मोर्चे की गवर्नमेंट को बदनाम करना ठीक नहीं है और बदनाम करने वालों में भी कोई और नहीं बल्कि शर्मा जी हैं जो डायनामाइट की घटना को लेकर खड़े हुए हैं जिनकी पार्टी का अहिंसा में विश्वास नहीं है । जिनका विश्वास इस बात में है--- "Power comes through the barrel of a gun." वह पार्टी डायनामाइट की बात से घबरा कर बोल रही है ।

**श्री योगेन्द्र शर्मा** : ओम् मेहता जी क्या त्यागी जी को पीकिंग भेजा है ट्रेनिंग के लिए ?

**श्री ओम् मेहता** : भेजने के लिए सोच रहा हूं ।

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : मास्को भेजिये ।

**श्री ओ३म् प्रकाश त्यागी** : पीकिंग और मास्को में सांपनाथ और नागनाथ जितना ही अन्तर है । आज जो माओ-त्से-तुंग है वह तुम्हें रिएकशनरी कह रहा है और कल दूसरा आएगा वह तुम्हारा भाई हो जाएगा । और चीनी-रूसी भाई-भाई हो जायेंगे । मुझे वह दिन याद है जब चीनी हमारे देश पर हमला कर रहे थे और तमाम देश की जनता सरकार की सहायता कर रही थी उस दिन कम्युनिस्ट कह रहे थे कि चीनी फौज भारत का उद्धार करने आ रही है और हमें उनका स्वागत करना चाहिए । आज वे लोगों जो इस देश में रहते, सोते और खाते हैं परन्तु उनका दिल और दिमाग पीकिंग और मास्को में है । वे लोग देशभक्ति का नारा लगा रहे हैं और चमचाबाजी कर रहे हैं । आपकी अपनी चमचाबाजी खुद समझ आ जाएगी । इसलिए मैं कहता हूं यह काम ठीक नहीं है ।

**श्री उपसभापति**: यह चमचाबाजी क्या है ?

**श्री ओ३म् प्रकाश त्यागी** : चमचाबाजी और मक्खनबाजी दोनों एक ही प्रकार की चीज है । अंत में उपाध्यक्ष महोदय मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे समय दिया और इस थोड़े समय में मैंने सरकार के मनन के लिए थोड़े से विचार प्रस्तुत किये । धन्यवाद ।

**श्री हरिसिंह भगुबावा महीदा** (गुजरात): अध्यक्ष महोदय, मेरा सौभाग्य है कि इस महान सदन के सम्मुख मैं अपना प्रथम वक्तव्य प्रस्तुत कर रहा हूं । माननीय मंत्री जी ने जो प्रस्ताव किया उसका मैं स्वागत करता हूं । मैं कुछ और बातें रखना चाहता था लेकिन मेरे से पहले अभी-अभी त्यागी जी ने जो थोड़ी सी बातें रखीं उनसे मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ । त्यागी जी ने कहा कि गुजरात में जनता मोर्चे की सरकार बनी । जनता मोर्चे की सरकार बनी इसमें कोई बुरी बात नहीं । मैं सहमत हूं इसमें कोई बुरी बात नहीं । कोई भी मोर्चा बने इसमें कोई बुरी बात नहीं है लेकिन मैं पूछना चाहता हूं मोर्चा बनाया किसने ? मोर्चा बना क्यों ? यह सवाल महत्व का है । गांधी जी के मूल्यों के आग्रही, नीति उपासक और गांधीवादी कहलाने वाले मोरारजी भाई इन्दिरा जी को हटाने के लिए, कांग्रेस को खत्म करने के लिए और अपनी खुद की मुरादबर लाने के लिए कहीं से ईंट लाए और कहीं से रोड़ा लाए । याने कई अवसरवादी और साम्प्रदायिक लोगों को इकटठा करके कहीं का रोड़ा और कहीं का ईंट उठा कर एक कुनबा बना लिया गया । यह कुनबा कहां तक चल सकता था, यह बात सबके लिए सोचने की है । मैं समझता हूं कि इस प्रकार का कुनबा ज्यादा देर तक चल नहीं सकता था । अभी सदन में विरोधी दल की तरफ से डेमोक्रेसी की बात कही गई और प्रजातांत्रिक मूल्यों का हवाला दिया गया । यह भी कहा गया कि हिन्दुस्तान में गुजरात के अन्दर जो जनता मोर्चे की सरकार बनी वह किन्हीं आदर्शों पर बनी थी और डेमोक्रटिक रिप-

क्लिक के आधार पर बनी थी। लेकिन मैं माननीय सदस्यों का ध्यान इस बात की ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि वे कौन से सिद्धान्त थे और कौन सा रिपब्लिक था जिसके अनुसार गांधी जी का खून करने वाले गोडसे से संबंधित लोग, आर० एस० एस० और जनसंघ को साथ लेकर इस प्रकार की मोर्चे की सरकार बनाई गई ? श्री मोरार जी भाई सारी जिन्दगी भर जनसंघ का विरोध करते रहे, लेकिन श्रीमती इंदिरा गांधी को हटाने के लिए और कांग्रेस को हटाने के लिए उन्होंने जनसंघ को साथ लिया और मोर्चे की सरकार बनाई। मैं पूछना चाहता हूं कि उस मौके पर उनके गांधीवादी विचार कहां चले गये ? गांधी जी का खून करने वालों की श्री मोरारजी भाई परछाई भी नहीं देखना चाहते थे, लेकिन आज वही श्री मोरारजी भाई उनसे मिलकर सरकार बनाते हैं। यद्यपि गुजरात के अन्दर उनकी मेजोरिटी नहीं थी, लेकिन फिर भी सत्ता में आने के लिए और सत्ता हासिल करने के लिए उन्होंने अपने तमाम मूल्यों को बाजू में रख दिया। चुनाव के दिनों में श्री मोरारजी भाई गुजरात के गांव गांव में घूमे थे और उन्होंने कहा था कि जो खूनी हैं, भ्रष्टाचारी हैं और पापी हैं उनकी वे परछाई भी नहीं देखना चाहते हैं। लेकिन सत्ता प्राप्त करने के लिए उन्होंने अपने सब सिद्धान्तों को बाजू पर रख दिया और भ्रष्टाचारी लोगों को गोद में बैठा लिया।

